| |
|---|
| दिनांक 28.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 350/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद पीलीभीत/थाना बिलसंडा**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त घायल/मृत**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 27.06.2026 को थाना बिलसंडा, थाना माधौटॉडा, थाना जहानाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बण्डा बॉर्डर के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किये गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक उ0नि0 व एक मुख्य आरक्षी घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सर्वजीत उर्फ शिवम घायल हो गया, जिसके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई एवं एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त सर्वजीत उर्फ शिवम को मृत घोषित कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि मृत अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी था, जिसके विरूद्ध जनपद खीरी, पीलीभीत के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट के 10 अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त थाना बिलसंडा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जोन स्तर से 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बिलसंडा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**मृत अभियुक्त**

1–सर्वजीत उर्फ शिवम निवासी नई बस्ती मोहनपुर ग्रन्ट रामपुर ग्रन्ट थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

**जनपद बहराइच/थाना रामगांव/थाना कैसरगंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 50–50 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **4,440 रूपये नगद**
- **पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **02 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 27/28.06.2026 को थाना रामगांव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अकिलापुर चौराहे से भकला गोपालपुर रोड पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–फिरोज घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु दी गई सूचना के आधार पर थाना कैसरगंज पुलिस टीम द्वारा रूकनापुर तिराहा के पास पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 2–मुल्कराज घायल/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 4440 रूपये नगद, पीली–सफेद धातु के आभूषण, 02 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त फिरोज के विरूद्ध जनपद बहराइच, श्रावस्ती, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, अबकारी एक्ट, आर्म्स

एक्ट आदि के 53 अभियोग एवं अभियुक्त मुल्कराज के विरूद्ध जनपद बहराइच, गोण्डा, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 52 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बौण्डी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50–50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामगांव व थाना कैसरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फिरोज निवासी ग्राम मुड़कटी थाना बौण्डी जनपद बहराइच।

2–मुल्कराज निवासी रायपुर भैसवा थाना बौण्डी जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–4440 रूपये नगद।

2–पीली–सफेद धातु के आभूषण।

3–02 मोबाइल फोन।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

5–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद अलीगढ़/थाना जवां

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 27.06.2026 को थाना जवां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त फरमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना क्वार्सी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जवां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–फरमान निवासी काठे वाली गली शाहजमाल थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल आदि।

## <u>जनपद औरैया/थाना दिबियापुर</u>

- **20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **20 हजार 230 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 28.06.2026 को थाना दिबियापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर असैनी पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त संजय उर्फ संजू उर्फ शुभम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 20 हजार 230 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना दिबियापुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दिबियापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–संजय उर्फ संजू उर्फ शुभम निवासी गुलखरा थाना सहार जनपद औरैया।

**<u>बरामदगी</u>**

1–20 हजार 230 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

# कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना नॉलेजपार्क

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 316 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी 01 थ्री व्हीलर आटो आदि बरामद**

दिनांक 28.06.2026 को थाना नॉलेजपार्क पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर 148 मेट्रो स्टेशन के पास से 02 अभियुक्तों 1–विजय उर्फ नीटू 2–मिथुन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 316 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी 01 थ्री व्हीलर आटो आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना नॉलेजपार्क पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विजय उर्फ नीटू निवासी दादूपुर थाना इकोटेक प्रथम कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–मिथुन निवासी हिंगवाडा थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 316 मोबाइल फोन।

2–घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी 01 थ्री व्हीलर आटो आदि।

——————